दिन– रविवार दिनांक– 11 ⁄ 05 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के यह अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं। इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल नई दिल्ली में मीडिया को बताया था कि भारत, पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ–साथ नियंत्रण रेखा पर उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

————————————————————————

वायु सेना ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे जो कार्य सौंपे गए वे सभी उसने पूरी कुशलता के साथ पूरे किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में वायु सेना ने कहा है कि सभी ऑपरेशन राष्ट्रीय हितो को ध्यान में रखते हुए शानदार तरीके से चलाए गए। अभी यह ऑपरेशन चल रहे हैं और उचित समय पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायु सेना ने सभी से आग्रह किया है कि वे अटकलबाजी से बचे और अपुष्ट जानकारी साझा न करें।

————————————————————————

विश्व के कई नेताओं ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए इसे दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया

है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया है और दोनों देशों से इस दिशा में आगे बढ़ने की अपील की है।ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने संघर्ष विराम का स्वागत करते हुए दोनों देशों से शांति बनाए रखने का आग्रह कियाहै। यूरोपीय संघ की विदेशी मामलों की प्रमुख काजा कालस ने युद्ध विराम के महत्व और इसे कायम रखने के लिए सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में उम्मीद जताई है कि यह संघर्ष विराम क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बहाल करने में योगदान देगा।

---

जम्मू—कश्मीर में जम्मू जिले के आरएसपूरा सेक्टर में ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सबइंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज पाकिस्तान की गोलाबारी में शहीद हो गये। वे सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। उनका पार्थिव शरीर आज शाम तक पैतृक गांव पहुंचगा, जहा पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सुपूर्दे खाक किया जायेगा।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान बढ़ने से गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के गोपालगंज मधुबनी, पूर्णियां, जमुई, दरभंगा, मधेपुर, सीवान, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में लू चलने की संभवना है। वहीं, प्रदेश के अन्य जिलो में मौसम गर्म और शुष्क रहने की संभावना है।

---

बिहार में खेले जा रहे खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आज आठवां दिन है। अब तक महाराष्ट्र सत्ताईस स्वर्ण, बाईस रजत और पच्चीस कांस्य पदकों के साथ कुल चौहत्तर पदक जीत चुका है और पदक तालिका में पहले स्थान पर है। वहीं, कर्नाटक उनतालीस पदकों के साथ पदक तालिका मे दूसरे और राजस्थान तैईस पदको के साथ तीसरे स्थान पर है। बिहार अब तक तीन स्वर्ण, आठ रजत और आठ कांस्य पदक जीत चुका है और पदक तालिका में पन्द्रहवें स्थान पर है। इधर, आज कबड्डी के अंडर–18 बालक वर्ग के फाइनल में हरियाणा ने महाराष्ट्र को उनतालीस–अट्ठाईस से पराजित किया।

———————————————————————————

समाप्त